CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 21 रायपुर, गुरुवार 13 फरवरी 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## 60 लाख की डकैती मामले में 10 आरोपी

**रायपुर,** 13 फरवरी (हाईवे चैनल)। राजधानी के अनुपम नगर में 60 लाख रुपए की डकैती मामले में पुलिस ने 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है. देर रात रायपुर पुलिस दुर्ग और राजनांदगांव से आरोपियों को पकड़कर रायपुर लेकर आई है. बताया जा रहा कि शातिर आरोपी डकैती की रकम का बंटवारा करने के लिए छुपे थे. जमीन विवाद में डकैती की वारदात को अंजाम दिया गया था.

डकैतों के लोकेशन की लीड मिलते ही देर रात,ष्टष्ट के एडिशनल एसपी, और प्रभारी परेश पांडे के नेतृत्व में 60 सदस्यीय 10 अलग-अलग टीमें रवाना की गई थी. घेराबंदी कर डकैतों को दुर्ग और राजनांदगांव से गिरफ्तार कर सुबह 6 बजे टीम रायपुर पहुंची. देर शाम आईजी अमरेश मिश्रा पूरे मामले का खुलासा करेंगे. बता दें कि नगरीय निकाय चुनाव के दिन रायपुर के अनुपम नगर में दिनदहाड़े एक घर में मिलिट्री ड्रेस में आरोपी घुसे थे. डकैतों ने परिवार वालों को हथियार के दम पर बंधक बनाया और 60 लाख रुपए लेकर फरार हो गए थे. बदमाशों ने खुद को 'लाल सलाम गैंग' का सदस्य बताया था. पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई थी.



घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के आलाधिकारी मौके पर पहुंचे थे. शहर में नाकेबंदी कर पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी थी.डकैती मामले में रायपुर पुलिस को पीड़ितों से पूछताछ में कुछ अहम सुराग मिले थे. पीड़ित परिवार ने पिछले दिनों आर्मी ऑफिस में शिकायत की थी. पुलिस सूत्रों के मुताबिक जानकारी मिली थी, जिस घर में डकैती हुई है उस घर का आर्मी से पुराना नाता रहा है. वो इसलिए क्योंकि पीड़ित के पापा आर्मी से रिटायर्ड हुए थे. डकैतों ने घर में घुसते हुए पहले परिजनों से ये पूछा था कि आपने आर्मी में कोई शिकायत की है? जिसके बाद घर में मौजूद सदस्यों ने इसका जवाब हां में दिया, फिर वे अंदर गए. पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में ये बात भी सामने आई थी कि घर के एक सदस्य का उनसे पुराना पारिवारिक विवाद रहा है और वो काफी वर्षों से अलग रहते हैं.

## मुख्यमंत्री साय समेत पूरे मंत्रिमंडल ने संगम में लगाई डुबकी



**रायपुर,** 13 फरवरी (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपने पूरे मंत्रिमंडल, सांसद और विधायकों के साथ प्रयागराज महाकुंभ पहुंचे हैं. सभी संगम में पहुंच चुके हैं. सीएम साय ने सभी के साथ डुबकी लगाई. सभी लोग क्रूज में सवार होकर संगम में पहुंचे.

बता दें कि महाकुंभ में स्नान करने राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, कैबिनेट के मंत्री, बीजेपी के विधायक, सांसद और कांग्रेस के 6 विधायक आज प्रयागराज पहुंचे हैं. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा आज छत्तीसगढ़ का मंत्रिमंडल, विधानसभा अध्यक्ष, कांग्रेस के भी विधायक सभी प्रयागराज जा रहे हैं. संगम में स्नान कर सभी पुण्य के भागी बनेंगे. मां गंगा से छत्तीसगढ़ की खुशहाली के लिए कामना करेंगे. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की धर्मपत्नी कौशल्या देवी साय ने प्रयागराज जाने को लेकर कहा, प्रयागराज की भूमि को वंदन करने जा रहे हैं. नई ऊर्जा के साथ छत्तीसगढ़ वापस आएंगे और नए विश्वास के साथ अपने आस्था को आगे बढ़ाएंगे. मां गंगा से सीएम साहब के लिए उत्तम स्वास्थ्य की कामना करेंगे. छत्तीसगढ़ की जनता से मुख्यमंत्री रात के दो बजे तक मिलते रहते हैं, छत्तीसगढ़ की जनता से उनका मिलना कायम रहे, सीएम की एनर्जी बनी रहे, यही प्रार्थना करेंगे.

## ब्रेकिंग न्यूज

### महामंडलेश्वर के पद से इस्तीफा नहीं दे रहीं ममता कुलकर्णी



**नई दिल्ली,** 13 फरवरी (न्यूज चैनल)। बॉलीवुड एक्ट्रेस ममता कुलकर्णी जब से इंडिया आई हैं, तब से लगातार चर्चा में बनी हुई हैं। एक्ट्रेस ने हाल ही में ऐलान किया था कि वो किन्नर अखाड़े की महामंडलेश्वर के पद से इस्तीफा दे रही हैं, लेकिन अब महामंडलेश्वर डॉ. लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी ने उनके इस फैसले को लेकर कुछ और ही बताया है। त्रिपाठी ने खुलासा किया है कि वो किसी पद से इस्तीफा नहीं दे रही हैं। मीडिया से बात करते हुए महामंडलेश्वर डॉ. लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी ने ममता कुलकर्णी के इस्तीफे वाली बात को पूरी तरह से नकार दिया और कहा कि वो महामंडलेश्वर थीं, हैं और रहेंगी। उन्होंने कहा कि महामंडलेश्वर यमाई ममतानंद गिरि के नाम से ही ममता जी को जाना जाएगा। साथ ही उन्होंने बताया कि गुरु पर बात आई तो ममता ने आहत होकर इस्तीफा दिया था लेकिन उनका इस्तीफा स्वीकार नहीं होगा। उन्होंने कहा कि ममता जी को सजाकर, संवारकर रखना मेरा दायित्व है। पद की गरिमा रखने वालों को ही महामंडलेश्वर बनाया जाएगा।

### आरसीबी ने आईपीएल 2025 के लिए रजत पाटीदार होंगे कप्तान




**नई दिल्ली,** 13 फरवरी (न्यूज चैनल)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने आगामी आईपीएल सीजन के लिए नए कप्तान की घोषणा कर दी है। आरसीबी ने गुरुवार को बताया कि रजत पाटीदार टीम के नए कप्तान होंगे और टीम उनके नेतृत्व में अपने पहले खिताब की तलाश में उतरेगी। कप्तान की दौड़ में स्टार बल्लेबाज विराट कोहली भी शामिल थे, लेकिन टीम प्रबंधन ने पाटीदार के नाम का एलान किया। रजत पाटीदार शुरुआत से ही कप्तान बनने की दौड़ में शामिल थे। पाटीदार उन चुनिंदा खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें फ्रेंचाइजी ने आगाजी सीजन के लिए रिटेन किया था। पाटीदार के पास सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी और विजय हजारे ट्रॉफी में मध्य प्रदेश की कप्तानी करने का अनुभव है। 31 वर्षीय पाटीदार ने मध्य प्रदेश को अपनी कप्तानी में सैयद मुश्ताक अली टी20 ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचाया था, लेकिन टीम को खिताबी मुकाबले में मुंबई से पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। पाटीदार टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले दूसरे बल्लेबाज थे। उनसे आगे अजिंक्य रहाणे थे जिन्होंने 10 मैचों में 61 के औसत और 186.08 के स्ट्राइक रेट से 428 रन बनाए थे।




चूहा- सुनती हो, लालू प्रसाद यादव कह रहे हैं कि उनके रहते हुए बिहार में भाजपा सरकार नहीं बना सकती।

चुहिया- हां जी, उनकी दिली इच्छा है तेजस्वी यादव एक बार मुख्यमंत्री बन जाए!

## वक्फ बिल रिपोर्ट राज्यसभा में पेश, विपक्ष का भारी हंगामा

**नई दिल्ली,** 13 फरवरी (न्यूज चैनल)। कांग्रेस पार्टी के स्थगन प्रस्ताव और वक्फ (संशोधन) विधेयक पर जेपीसी की रिपोर्ट के बाद बढ़े नाटक के बीच संसद के बजट सत्र की पहली बैठक गुरुवार को समाप्त होगी। राज्यसभा में बृहस्पतिवार को वक्फ संशोधन विधेयक संबंधी संयुक्त संसदीय समिति की रिपोर्ट पेश की गई, जिसके बाद विपक्षी दलों का भारी हंगामा देखने को मिला। केंद्रीय मंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि मैंने विपक्ष द्वारा उठाई गई चिंताओं की जाँच की है। रिपोर्ट में कोई विलोपन या निष्कासन नहीं है। सब कुछ सदन के पटल पर है। ऐसा मुद्दा किस आधार पर उठाया जा सकता है?

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विपक्ष के सदस्य अनावश्यक मुद्दा बना रहे हैं, जो तथ्य नहीं है। आरोप झूठा है। जेपीसी ने पूरी कार्यवाही नियमानुसार की। जेपीसी के सभी विपक्षी सदस्यों ने पिछले 6 महीनों में सभी कार्यवाही में भाग लिया। सभी असहमति नोट रिपोर्ट के परिशिष्ट में संलग्न हैं। वे सदन को गुमराह नहीं कर सकते। वक्फ संशोधन विधेयक पर जेपीसी की रिपोर्ट पर चर्चा के बीच विपक्ष ने राज्यसभा से वॉकआउट किया।

विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि वक्फ बोर्ड पर जेपीसी की रिपोर्ट में कई सदस्यों की असहमति रिपोर्ट है। उन नोटों को हटाना और हमारे विचारों को कुचलना सही नहीं है। यह लोकतंत्र विरोधी है। उन्होंने कहा कि मैं असहमति रिपोर्ट को हटाकर पेश की गई किसी भी रिपोर्ट की निंदा करता हूं। हम ऐसी फर्जी रिपोर्टों को कभी स्वीकार नहीं करेंगे। यदि रिपोर्ट में असहमति के विचार नहीं हैं, तो इसे वापस भेजा जाना चाहिए और फिर से प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

## फिर विमान हादसा! क्रैश होकर समुद्र में गिरा

**नई दिल्ली,** 13 फरवरी (न्यूज चैनल)। अमेरिका में एक और विमान हादसा सामने आया है, जहां अमेरिकी नौसेना का एक लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त होकर समुद्र में गिर गया। हालांकि, हादसे में विमान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, लेकिन पायलटों की जान बच गई। मछुआरों और तटरक्षक बल की मदद से उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला गया। यह हादसा सैन डिएगो के पास व्हिडबे द्वीप पर हुआ, जहां अमेरिकी नौसेना का श्व-18त्र ग्रोलर जेट क्रैश हो गया। यह व्हिडबे द्वीप स्थित अमेरिकी नौसेना एयरबेस में बीते चार महीनों में हुआ दूसरा हादसा है, जबकि पिछले डेढ़ महीने में अमेरिकी सेना से जुड़ी यह दूसरी दुर्घटना है।

## दुर्ग में पुलिस का छापा 350 पेटी अवैध शराब जब्त

**दुर्ग,** 13 फरवरी (हाईवे चैनल)। दुर्ग जिले के जेवरा सिरसा चौकी क्षेत्र में आज सुबह एक बड़ी सफलता मिली। ग्राम डांडे सरा में पुलिस ने एक गुप्त सूचना के आधार पर छापा मारा और भारी मात्रा में अवैध शराब का भंडार पकड़ा।

सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई सुबह लगभग 5 बजे की गई। पुलिस टीम ने 350 पेटियों से अधिक शराब जब्त की है, जिसकी कीमत लाखों में आंकी जा रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर), सुखनंदन राठौर, तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और उन्होंने आगे की जांच का नेतृत्व किया। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए, क्राइम ब्रांच की एक विशेष टीम और जेवरा सिरसा पुलिस संयुक्त रूप से जांच कर रही हैं। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि यह शराब कहां से आई थी और इसे कहां ले जाया जा रहा था।

## तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक को मारी ठोकर 2 युवकों की मौत, गांव में पसरा मातम





**रायगढ़,** 13 फरवरी (हाईवे चैनल)। सड़क हादसे में दो युवकों की मौत होने से गांव में मातम पसर गया है. तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक को मारी ठोकर, जिससे बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई. यह हादसा देर रात नेतनागर ग्राम के पास हुआ. घटना के बाद ट्रेलर चालक वाहन सहित फरार हो गया. घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची. जानकारी के मुताबिक, दोनों युवक ग्राम नेतनागर के रहने वाले थे. इस घटना से ग्रामीणों में आक्रोश है. हादसे को लेकर ग्रामीण आज चक्काजाम कर सकते हैं. जुट मिल पुलिस घटना की जांच

## पिकअप ने कई लोगों को मारी टक्कर, बिजली खंभे से जा भिड़ी

**रायपुर,** 13 फरवरी (हाईवे चैनल)। रायपुर के गुढ़ियारी इलाके में एक दर्दनाक और रोंगटे खड़े करने वाला सड़क हादसा हुआ, जिसमें एक तेज रफ्तार पिकअप कई लोगों को टक्कर मारते हुए बिजली खंभे में जा भिड़ी। इस घटना में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिनका इलाज जारी है।

घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें देखा जा सकता है कि कैसे पिकअप नियंत्रण से बाहर हो गई और कई लोगों को रौंदते हुए बिजली खंभे से टकरा गई।जानकारी के मुताबिक, घायलों का इलाज मेकाहारा में जारी है। पुलिस ने बताया कि पिकअप चालक के नियंत्रण खोने के कारण यह हादसा हुआ है। ड्राइवर के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है और मामले की जांच जारी है।

## केंद्रीय बजट में भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की मूल अवधारणा : प्रहलाद जोशी



- भाजपा के बुद्धिजीवी सम्मलेन में व्यापारी,सीए,डॉक्टर ,वकील,युवा बड़ी संख्या में हुए शामिल
- मोदी की सरकार में राजनीतिक करप्शन जीरो होने से भारत विकासित राष्ट्रके पथ पर अग्रसर : जोशी

**रायपुर,** 13 फरवरी (हाईवे चैनल)। केंद्रीय मंत्री प्रहलाद जोशी ने केन्द्रीय बजट पर आयोजित बुद्धिजीवी सम्मेलन को सम्बोधित करते कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित राष्ट्र बनने की पथ पर तेजी से अग्रसर है।

श्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि यूपीए की सरकार में देश के उद्योग-धंधों को लगाने के लिए छोटे-बड़े व्यापारियों और उद्योपतियों को राजनीतिक भ्रष्टचार का शिकार होना पड़ता था, साथ ही उस वक्त की उद्योग नीति का दंश व्यापारियों को झेलना पड़ता था। लेकिन आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में अब उद्योगों और व्यापार को बढ़ाने के लिए कई क्रांतिकारी और ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। इसके पीछे कारण है कि पीएम मोदी के कार्यकाल में राजनीतिक करप्शन खत्म होना। साथ ही छत्तीसगढ़ ही नहीं पूरे देश में उद्योग धंधों के विस्तार करने के साथ ही विकास के कार्य को धरातल स्थल पर उतारने के लिए तुरंत क्रियान्वयन किया जा रहा है। जबकि कांग्रेस सहित पूर्ववर्ती अन्य सरकारों में किसी भी योजना को लागू होने पर 20 साल तक का समय लग जाता था। आज पीएम मोदी की सरकार ने 11 सालों में कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों की तुलना में कई गुना अधिका काम किया है। यही कारण है भारत आज विश्व की पांचवीं अर्थव्यवस्था है। श्री मोदी जी का संकल्प है कि 2029 तक विश्व की तीसरी और 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट में इस अवधारणा को समाहित करते हुए ही इसमें जनकल्याणकारी प्रावधान किए गए हैं।

श्री जोशी ने कहा इंफ्राट्रक्चर के क्षेत्र को ध्यान में रखा गया है। इसमें सड़क, रेल से लेकर एयरपोर्ट,पोर्ट सहित अन्य क्षेत्र शामिल हैं। क्योंकि इससे देश की अर्थव्यवस्था बढ़ती है। पीएम मोदी की सरकार ने केंद्रीय बजट में गरीब-मध्यम वर्ग के लिए बड़ी योजनाओं को प्रावधान है। इसमें मध्यम वर्ग को ध्यान में रखते हुए 12 लाख रुपए सालाना आय को टैक्स मुक्त कर, ऐतिहासिक निर्णय लिया है। श्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि आज हम केंद्रीय बजट को लेकर विभिन्न राज्यों में जा रहे हैं, जहां उद्योगपतियों और व्यापारियों के अलावा बुद्धिजीवियों से विकसित भारत बनाने के लिए हर क्षेत्र के लोगों से सुझाव ले रहे हैं। ताकि सबके सुझाव के जरिए विकसित भारत के लक्ष्य को तेजी के साथ प्राप्त किया जा सके। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने इस बजट में तीन-चार प्रमुख महत्वपूर्ण बिंदु को ध्यान में रख कर काम हुआ है। विकसित भारत के लक्ष्य पर बढने के लिए मोदी जी की सोच है कि मध्यम वर्ग को मजबूत बनाना है। साथ देश में अधोसंरचना के क्षेत्र में सड़क-रेल और एयरपोर्ट की कनेक्टविटी को बढ़ाकर देश के छोटे शहरों और महानगरों की दूरियों को खत्म करना। ताकि व्यापार को एक नया स्वरूप दिया जा सके और लोगों के बनाए हुए उत्पाद देश के हर राज्यों में आसानी से पहुंच सके। श्री जोशी ने कहा कि इंफ्राट्रक्चर के क्षेत्र में 10 वर्षों में मोदी जी के कार्यकाल में जो काम हुए हैं, उतने काम 60 सालों में काम नहीं हुए। पहले 9 किलोमीटर प्रति दिन के हिसाब से सड़के बनती थी अब 42 किलोमीटर प्रतिदिन के हिसाब से सड़कें बना रही हैं। जोशी ने कहा कि पीएम मोदी का लक्ष्य है कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए लार्जेस्ट इकोनॉमी बनाना है। चीन और अमेरिका के साथ मिलकर चलना है हमारे लोगों की स्किल भी बढ़नी चाहिए और हमारी स्पीड भी बढना चाहिए और इसलिए हमने कौशल विकास को प्राथमिकता दी है। उनहोंने कहा कि आज भारत युवा शक्ति के मामले में पूरे विश्व में प्रथम स्थान पर है। ऐसे में हमने युवाओं के कौशल विकास के साथ ही शोध और अनुसंधान पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कि आज यही कारण है कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा मैन्यूफैक्चरिंग का हब बनने जा रहा है और आने वाले समय में हम दुनिया के सबसे बड़े उत्पादक देश के रूप में स्थापित हो जाएंगे। जिसमें हजारों उत्पादकों में पेटेंट हासिल हुए हैं, जो एक विश्व रिकार्ड ही है। श्री प्रह्लाद जोशी ने कहा रेलवे के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ में रिकार्ड काम हुए हैं। मोदी सरकार में रेलवे का बजट 300 करोड़ से लगभग 7 हजार करोड़ पहुंच गया है।अंबिकापुर, जगदलपुर, बिलासपुर एयरपोर्ट का निर्माण हुआ है। इसका लाभ पूरे प्रदेश को मिलेगा।

### हर वर्ग और प्रत्येक सेक्टर के विकास को ध्यान में रखने वाला कल्याणकारी बजट है-अरुण साव



उप मुख्यमंत्री एवं नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने कहा कि जब केंद्रीय मंत्री अलग-अलग स्थान में सरकार बजट को लेकर अपनी बात रख रहे हैं। अब तक पूर्ववर्ती सरकारों के दौरान बजट के बारे में हमारी धारणा थी कि कुछ और हुआ करती थी कि यह लगता था यह सरकार का लेखा-जोखा है। लेकिन केंद्र सरकार के बजट से अलग-अलग वर्गों के लोगों के जीवन पर उसका क्या प्रभाव पडने वाला है। यह सारी बातें की चर्चा आम व्यक्ति तक जानी चाहिए। इस उद्देश्य से हमारे केंद्रीय मंत्रियों का अलग-अलग राज्यों में प्रवास हो रहा है। पहली बार कोई सरकार बजट को लेकर लोगों के बीच जा रही है और विकसित भारत बनाने के लिए सुझाव ले रही है अरुण साव ने कहा कि आने वाले समय में हमारे देश को क्या मूलभूत जरूरतें होगी, क्या होने वाली है। उन सब को ध्यान में रखकर हमारे देश का बजट बन रहा है। आज हम विकसित भारत के निर्माण के संकल्प को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। कहा कि 2047 में भारत की स्वरूप में है। इस कल्पना को लेकर नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार काम कर रही है। पेश हुआ बजट 2025-26 में विकसित भारत के निर्माण की संकल्पना है। कहा कि मध्यम वर्ग को फोकस करते हुए युवाओं पर केंद्रित किया है। इसमें शिक्षा के क्षेत्र में भी तकनीकी शिक्षा को पूरा फोकस किया गया है। साथ ही स्वास्थ्य के क्षेत्र में को भी प्रमुखता दी गई है। अरुण साव ने कहा कि इस बजट में विकसित भारत बनाने के लिए सभी महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश कोषाध्यक्ष श्री नंदन जैन ने किया ,स्वागत भाषण सीए अमित चिमनानी ने दिया तथा आभार प्रदर्शन नरेश चंद गुप्ता ने किया। इस अवसर पर नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, विधायक सुनील सोनी, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, प्रदेश कोषाध्यक्ष नंदन जैन प्रदेश कार्यालय प्रभारी नरेश चंद्र गुप्ता, प्रदेश मीडिया प्रभारी अमित चिमनानी, सुरेंद्र पाटनी,विजय शंकर मिश्रा, राजेश अग्रवाल प्रीतेश गांधी, आकाश विग मैजूद रहे।

CMYK